प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना जिले में हरोली की रोड़ा पंचायत में करीब 9 करोड़ रूपए से बने प्रदेश के पहले ऑटोमेटिड ड्राईविंग टैस्ट ट्रैक व ट्रैफिक पार्क का उदघाटन किया। इस परियोजना के शुरू होने से प्रदेश को तकनीक आधारित, पारदर्शी और निष्पक्ष ड्राईविंग टैस्ट प्रणाली मिल गई है। मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि पूरे ट्रैक में सैंसर आधारित कैमरे लगाए गए हैं जो हर गतिविधि पर निगरानी रखेंगे। उन्होंने कहा कि ये परिसर उत्तर भारत का अपनी तरह का इकलौता ऑटोमेटिड टैस्टिंग ट्रैक होगा।

चुनाव आयोग

प्रदेश में 51 शहरी निकायों में 17 मई को होने वाले चुनाव के संबंध में आरक्षण रोस्टर जारी कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार चार नगर निगमों में कुल 64 पदों पर मतदान होगा। इनमें से 14 पद अनुसूचित जाति, 25 पद महिलाओं और 3 पद अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसी प्रकार 25 नगर परिषदों के कुल 2 सौ 29 पदों में से 44 पद अनुसूचित जाति, एक सौ 6 महिलाओं और 5 पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। प्रदेश की 22 नगर पंचायतों में एक सौ 56 पदों पर मतदान होगा। इनमें से अनुसूचित जाति के लिए 31, महिलाओं के लिए 64 और अनुसूचित जनजाति के लिए 4 पद आरक्षित हैं।

सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने वर्ष 2012 से महिलाओं की सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए कई एतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने आज नाहन में बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भी महिलाओं को उनका हक देने के लिए ही लाया गया था लेकिन कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर नारी शक्ति के साथ विश्वासघात किया है। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की महिलाओं को भरोसा दिलाया है कि उन्हें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण हर हाल में दिया जाएगा।

विज्ञान केन्द्र

पृथ्वी दिवस के मौके पर विज्ञान केन्द्र पालमपुर में आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर बच्चों के लिए वाक्य लेखन और ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विज्ञान केन्द्र के प्रमुख रामस्वरूप ने बताया कि इस मौके पर पृथ्वी दिवस के इतिहास, वर्तमान पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव सहित अन्य महत्वपूर्ण विषय पर विस्तार से चर्चा की गई।

केएनएच

शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से महिला रोग विभाग की ओपीडी को आईजीएमसी में शिफ्ट करने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ अनेक संगठन लामबंद हो गए हैं। जनवादी महिला समिति ने अस्पताल के बाहर आज धरना प्रदर्शन किया। समिति की राज्य सचिव फालमा चौहान ने कहा कि अस्पताल से ओपीडी को स्थानांतरित करना महिलाओं के हित में नहीं है और इस फैसले को तुरंत वापिस लिया जाना

चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इस फैसले को वापिस नहीं लिया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

गेंहू खरीद

सिरमौर जिले के मैदानी इलाकों में इन दिनों गेंहू खरीद का कार्य जोरों पर है और लक्ष्य के मुताबिक अभी तक 50 फीसदी गेंहूं की खरीद की जा चुकी है। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक शमशेर सिंह ने बताया कि जिले में 10 हजार क्विंटल गेंहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए पांवटा साहिब व धौलाकुंआं में खरीद केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

———————————————